F.Y.B.A. Reg. Exam Hindi–I 7/10/14 Lib

N010AFZ

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "सोचा किस भूल के लिए अधिक लज्जा का अनुभव करूँ – काल्पनिक भय में पसीना – पसीना हो जाने की भूल के लिए या सच बोल देने की भूल के लिए।"

अथवा

"अरे, यह मंदिर उसका कैसे हो गया। ज्यादा ही पूजा – पाठ का शौक है तो अपना मंदिर बना ले अलग से। किसने रोका है। यह हमारा है। हम पूजा – पाठ, अनुष्ठान अपने ढंग से करेंगे। उसमे किसी शुद्र या मलेच्छ का प्रवेश निषिद्ध है।"

(ख) "वस्तुतः वह स्थान मेरे खरगोश, कबूतर, मोर, चकोर आदि जीव – जंतुओं का कारागार भी है। अस्पताल के सामने की पटरी पर कई छोटे – छोटे घर और बरामदे हैं जिनमें ये जीव – जंतु तथा इसके कठिन - हृदय जेलर दोनों निवास करते हैं।"

अथवा

"यह मानव शरीर से कितना दुर्बल है, लेकिन आत्मा से कितना शक्तिशाली है, जिसके एक – एक वाक्य में हमारे देश की राजनीति, हमारे देश का दर्शन, हमारे देश का धर्म नयी – नयी परिभाषाएँ सीख रहा है।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'सुखमय जीवन' कहानी के सपूर्ण कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'जूते' कहानी के माध्यम से मनोहर का चरित्र – चित्रण कीजिये।

(छ) 'मेरा जीवन' निबंध के माध्यम से प्रेमचंद जी के आत्मवृत्त पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'कुरीति तोड़ो, परिवार नहीं' निबंध में निहित सन्देश को अपने शब्दों में लिखिए।

पीछे देखिए....

N010AFZ

समय : २:३० घंटे

पूर्णांक : ७५

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए:- (१५)

(ट) 'निर्वासन' कहानी के माध्यम से माँ और बाबूजी की विवशता को चित्रित कीजिये।

अथवा

(ठ) 'कर कमल हो गये' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(त) पंडित श्रीविलास का चरित्र – चित्रण।

अथवा

मंगली का चरित्र - चित्रण।

(थ) पिंजरे में साँप के आने की घटना।

अथवा

महात्मा गांधीजी की सीख।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- (१०)

१) 'सुखमय जीवन' की नायिका का नाम लिखिए।
२) 'सच बोलने की भूल' कहानी में लेखक की बच्ची कितने साल की है?
३) 'जूते' कहानी में बच्ची के जूते किस रंग के थे?
४) 'साहब फिर कब आयेंगे माँ' कहानी के रचनाकार नाम लिखिए।
५) सूर्यबाला जी की रचना का नाम लिखिए।
६) 'मेरा जीवन' निबंध कितने अंकों में है?
७) महादेवी वर्मा के घर आयी विदेशी महिलाएँ मोर को कौन - सी उपाधि देती थी?
८) 'कर कमल हो गये' किसकी रचना है?
९) रामकुमार वर्मा जी किस व्यक्ति से प्रभावित थे?
१०) अर्चना वर्मा जी की रचना किस शैली में लिखी गयी है?

****